# पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ

अध्यक्ष छात्र कल्याण

बिहार-854301

Email ID :- dsw@purneau.ac.in


**-:प्रेस विज्ञप्ति:-**

## स्नातक नामांकन सत्र 2026-2030 : प्रथम मेधा सूची के आधार पर नामांकन प्रारंभ

पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया के अंतर्गत चार वर्षीय स्नातक (UG) सत्र 2026-2030 में नामांकन हेतु प्रथम मेधा सूची के आधार पर नामांकन प्रक्रिया दिनांक 16.06.2026 से प्रारंभ हो गई है, जो दिनांक 19.06.2026 तक संचालित होगी।

विश्वविद्यालय द्वारा चारों जिलों के अंतर्गत स्थित कुल 55 अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में नामांकन हेतु प्रथम मेधा सूची में कुल 31,595 आवेदकों का चयन किया गया है। चयनित सभी आवेदकों के पंजीकृत ई-मेल आईडी पर ऑफर लेटर प्रेषित कर दिया गया है। छात्र-छात्राएं अपना ऑफर लेटर डाउनलोड कर उसका प्रिंटआउट प्राप्त कर लें।

यह स्पष्ट किया जाता है कि छात्र-छात्राओं का चयन एवं महाविद्यालय आवंटन उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन के समय दिए गए विषय एवं महाविद्यालय विकल्पों (Preferences) के आधार पर किया गया है। अतः आवेदकों का नाम केवल उन्हीं महाविद्यालयों एवं विषयों में आया है, जिन्हें उन्होंने अपने ऑनलाइन नामांकन आवेदन प्रपत्र में वरीयता के रूप में चयनित किया था।

विश्वविद्यालय चयनित सभी छात्र-छात्राओं से अपील करता है कि वे दिनांक 19.06.2026 तक आवंटित महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपना नामांकन सुनिश्चित करा लें। यदि किसी आवेदक का नाम प्रथम मेधा सूची में आने के बावजूद वह निर्धारित अवधि में नामांकन नहीं लेता है, तो यह माना जाएगा कि वह नामांकन का इच्छुक नहीं है। ऐसे आवेदकों को द्वितीय मेधा सूची में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) के विद्यार्थी तथा सभी वर्गों की छात्राओं के लिए नामांकन शुल्क पूर्णतः निःशुल्क है। अन्य सभी छात्रों के लिए नामांकन शुल्क राजभवन, पटना द्वारा निर्धारित ₹2,255/- देय होगा। इसके अतिरिक्त, प्रायोगिक (Practical) विषयों का चयन करने वाले विद्यार्थियों को ₹600/- प्रयोगशाला शुल्क (Lab Fee) भी देय होगा।

विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त नामांकन प्रपत्र, सुविधा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क अथवा किसी अन्य नाम से कोई अतिरिक्त राशि

Email ID :- dsw@purneau.ac.in

बिहार-854301


महाविद्यालय को देय नहीं होगा। ऐसा होने पर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष, छात्र कल्याण (DSW) को
लिखित शिकायत उपलब्ध कराएं। शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

नामांकन के समय छात्र-छात्राओं को अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाणपत्र, 12वीं का मूल अंक पत्र, मूल
उत्तीर्णता प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो), मूल SLC/TC तथा अन्य आवश्यक अभिलेख
साथ लाना अनिवार्य होगा। किसी भी परिस्थिति में मूल प्रमाणपत्रों के सत्यापन एवं मूल SLC/TC
जमा किए बिना नामांकन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदक की शारीरिक उपस्थिति (Physical
Presence) नामांकन के समय अनिवार्य होगी।

वर्ष 2026 में इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी, जिनके पास अभी तक 12वीं का मूल अंक पत्र
उपलब्ध नहीं है, वे बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड की गई WEB COPY अथवा
DigiLocker से डाउनलोड की गई प्रति को अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य से सत्यापित कराकर प्रस्तुत
कर सकते हैं। तथापि, नामांकन की अंतिम स्वीकृति मूल अंक पत्र के सत्यापन के उपरांत ही प्रदान की
जाएगी।

जिन आवेदकों के अध्ययन में शैक्षणिक अंतराल (Academic Gap) है, उन्हें न्यायालय से निष्पादित
Gap Year Affidavit जमा करना होगा। यदि किसी कारणवश शपथ-पत्र उपलब्ध नहीं हो पाता है, तो
आवेदक अपने हस्ताक्षरयुक्त हस्तलिखित Undertaking महाविद्यालय में जमा कर सकते हैं।

ऐसे आवेदक जिन्होंने अभी तक अपने विद्यालय से मूल SLC/TC प्राप्त नहीं किया है, वे आवंटित
महाविद्यालय के प्रधानाचार्य से लिखित रूप में अतिरिक्त समय का अनुरोध Undertaking कर सकते हैं
तथा यह आश्वासन देंगे कि वे एक सप्ताह के भीतर मूल SLC/TC जमा कर देंगे। निर्धारित अवधि में मूल
SLC/TC जमा नहीं करने की स्थिति में उनका नामांकन निरस्त किया जा सकता है तथा रिक्त सीट पर
अन्य योग्य अभ्यर्थी का नामांकन किया जा सकता है।

चूंकि नामांकन के साथ-साथ प्रथम सेमेस्टर हेतु पंजीयन (Registration) की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी
गई है, इसलिए प्रत्येक नामांकित विद्यार्थी को ₹600/- पंजीयन शुल्क महाविद्यालय में जमा करना
अनिवार्य होगा। पंजीयन (Registration) की प्रक्रिया हेतु माइग्रेशन सर्टिफिकेट (Migration
Certificate) आवश्यक होगा। अतः अन्य बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण अभ्यर्थी समय रहते
माइग्रेशन प्रमाणपत्र की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। ऐसे आवेदक जिन्होंने अभी तक माइग्रेशन


Scanned with OKEN Scanner

सर्टिफिकेट (Migration Certificate) प्राप्त नहीं किया है, वे आवंटित महाविद्यालय के प्रधानाचार्य से लिखित रूप में अतिरिक्त समय का अनुरोध कर सकते हैं तथा यह आश्वासन देंगे कि वे एक सप्ताह के अंदर माइग्रेशन सर्टिफिकेट (Migration Certificate) जमा करने का Undertaking देंगे।

सभी चयनित अभ्यर्थियों का नामांकन Major Course (MJC) में किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रथम सेमेस्टर पंजीयन के समय विद्यार्थियों को Minor Course (MIC), Multidisciplinary Course (MDC), Ability Enhancement Course (AEC), Skill Enhancement Course (SEC) तथा Value Added Course (VAC) का भी चयन करना होगा।

यह ध्यान रखना आवश्यक है कि MIC एवं MDC के अंतर्गत केवल वही विषय चयन किए जा सकेंगे, जो संबंधित महाविद्यालय में अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं। अतः विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करने से पूर्व नामांकन काउंटर अथवा संबंधित महाविद्यालय से परामर्श प्राप्त कर MIC एवं MDC विषयों का चयन सावधानीपूर्वक करें।

विश्वविद्यालय ने सभी महाविद्यालयों को निर्देश दिया है कि नामांकन एवं पंजीयन प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता, समयबद्धता एवं छात्रहित को ध्यान में रखते हुए संपन्न कराएं तथा विद्यार्थियों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएं।

**विश्वविद्यालय की अपील एवं सलाह**

पूर्णिया विश्वविद्यालय सभी चयनित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से अपील करता है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर अपना नामांकन सुनिश्चित करा लें तथा नामांकन के लिए महाविद्यालय आते समय सभी आवश्यक मूल प्रमाणपत्र एवं दस्तावेज अपने साथ अवश्य लेकर आएं।

वर्तमान में अत्यधिक गर्मी एवं उच्च तापमान को देखते हुए विश्वविद्यालय विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सलाह देता है कि वे नामांकन हेतु घर से निकलने से पूर्व नाश्ता कर लें तथा अपने साथ पेयजल की बोतल, छाता अथवा धूप से बचाव हेतु अन्य आवश्यक सामग्री अवश्य रखें, ताकि नामांकन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की असुविधा अथवा स्वास्थ्य संबंधी समस्या से बचा जा सके।

17.06.26

अध्यक्ष छात्र कल्याण

पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया

Scanned with OKEN Scanner